# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
## सर्कुलर रोड, राँची–834001

## प्रेस विज्ञप्ति

### झारखण्ड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–04/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

विज्ञापन संख्या–04/2018 अंतर्गत Chemistry विषय के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों को आवंटित पंजीयन संख्या (Registration Number) आयोग की वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर प्रकाशित कर दिया गया है। इस विज्ञापन की कंडिका–6(iv) के आलोक में कोटिवार रिक्ति के लिए साक्षात्कार हेतु योग्य अभ्यर्थियों की संख्या सुनिश्चित करने हेतु आयोग द्वारा लिए गये निर्णय (प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–10.11.2022 द्वारा संसूचित) के आलोक में कोटिवार औपबंधिक मेधाक्रमानुसार कोटिवार रिक्ति के 05 गुणे अभ्यर्थियों का औपबंधिक रूप से आवंटित प्राप्तांक आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

2. जिन अभ्यर्थियों का औपबंधिक प्राप्तांक प्रकाशित किया गया है, वो अपना जन्मतिथि एवं पंजीयन संख्या दर्ज कर अपना प्राप्तांक देख सकते है। यदि किसी अभ्यर्थी को ऐसा लगे कि उसे प्रकाशित अंक से अधिक अंक प्राप्त होना चाहिए तो वह अपना दावा संगत प्रमाण पत्रों/अंको पत्रों के साथ आयोग की वेबसाईट पर प्रकाशित निर्देश के आलोक में निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक सूचना भरकर केवल email के माध्यम से email Id-ap42018@jpsc.gov.in पर दिनांक–10.09.2025 तक परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची को भेजना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक–10.09.2025 के पश्चात प्राप्त emails पर विचार नहीं किया जाएगा। अन्य अभ्यर्थी जिन्होंने अपने आवेदन पत्र में विज्ञापन की कंडिका–6(ii) के आलोक में प्रकाशित Cut off marks के बराबर अथवा ज्यादा अंक का दावा किया गया है, वे भी अपनी आपत्ति उपर्युक्त email Id पर दिनांक–10.09.2025 तक email के माध्यम से समर्पित कर सकते हैं। इस निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त emails पर विचार नहीं किया जाएगा। email के अतिरिक्त अन्य माध्यम से प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने के क्रम में अग्रतर कार्रवाई की सूचना बाद में उपलब्ध कराया जाएगा।

ह0/–  
सचिव,  
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।